# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

**पत्रांक–3525/12–1, दिनांकः मसूरी, 03 अप्रैल, 2018।**

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, देहरादून।

**विषयः–** **जनपद–देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पुरकुल गांव से भितरली–किमाड़ी मोटर मार्ग (कुल लम्बाई– 10.40 किमी0) के नव निर्माण हेतु वांछित 3.528 है0 वन भूमि को गैर वानिकी कार्यो हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।**

सन्दर्भ :– प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/20710/2016, एंव आपकी पत्र सं0 292/ पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0 ख0–दे0दून/वन भूमि, दिनांक 21–03–2018

महोदय,

उक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। आपके द्वारा विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव की दो प्रति (ब्लैक एण्ड व्हाईट तथा प्रस्ताव में चस्पा संलग्नक–34, 36, क्षतिपूरक वृक्षारोपण का डिजीटल एंव जियो रिफरेन्स मानचित्र, 38, 40, 55 आदि कलर स्कैन) दि0 22–03–2018 को इस कार्यालय में प्रेषित की गयी है। तद्परान्त वन भूमि का प्रत्यावर्तन प्रस्ताव आनलाईन दि0 25–03–2018 को इस कार्यालय में अग्रेतर कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया। आनलाईन प्रस्ताव की प्रभाग स्तर से जॉच /परीक्षण में कतिपय निम्न कमियां पायी गयी, जिनके निराकरण हेतु प्रस्ताव आनलाईन मय (02) हार्ड प्रति इस आशय से वापस की जा रही हैं कि प्रभाग स्तर से इंगित आपत्तियों /कमियों का निराकरण करते हुए आनलाईन प्रस्ताव एंव विषयांकित प्रस्ताव की हार्ड प्रति (मूल में) तथा एक कलर स्कैन प्रति इस कार्यालय को अग्रेतर कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव में चस्पा संलग्नक–15 में आपके द्वारा वन एंव ग्राम्य विकास शाखा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून की पत्र सं0 1370/एम3–09(ii) /यू.आर.आर.डी.ए./09, दिनांक 15 अक्टूबर, 2009 द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–VIII के अन्तर्गत मार्गों की डी0पी0आर0 प्रेषण के सम्बन्ध में समस्त अधिशासी अभियन्ता, पी0आई0यू0( पी0एम0जी0एस0वाई0) उत्तराखण्ड को सम्बोधित तथा अन्य को प्रति पृष्ठांकित करते हुए पत्राचार है। उक्त पत्राचार में डी0पी0आर0 प्रेषण का उल्लेख है न कि संलग्न सूची के सम्बन्ध में प्रशासनिक /वित्तीय स्वीकृति का आदेश है। अतः विषयांकित मोटर मार्ग की सक्षम स्तर से प्रशासनिक /वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश प्रस्ताव में चस्पा करते हुए संगत दस्तावेज को आनलाईन अपलोड किया जाय।
2. प्रस्ताव में चस्पा संलग्नक–6 में आपके द्वारा अपने प्रतिवेदन में उल्लिखित पत्र सं0 1370/एम3–09(ii) /यू.आर.आर.डी.ए./09, दिनांक 15 अक्टूबर, 2009 के पत्राचार को अनुमोदन /विषयांकित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु शासनादेश के रूप में संलग्न करते हुए सूचित किया गया है जो पर्याप्त नहीं है।
3. आनलाईन प्रस्ताव में भाग–1 के पैरा B-2-4–Details of Component wise breakup में Linear अंकित किया गया है जबकि उक्त स्थान पर Component के कम स0 1 में **मोटर मार्ग** अंकित किया जाना था। कृपया यथास्थान Component के कम स0 1 में प्रस्तावित मोटर मार्ग आनलाईन अपलोड किया जाय।
4. आनलाईन प्रस्ताव में भाग–1 के पैरा C-(b) -Segment wise details के 1 में विषयांकित मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित एंव वैकल्पिक समरेखण का गूगल मानचित्र की kml file अपलोड की जानी थी, जबकि आपके स्तर से C-(b)-Segment wise details के 1 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित सिविल सोयम भूमि का गूगल मानचित्र की kml file (Polygan) अपलोड किया गया है। कृपया यथास्थान वांछित दस्तावेज/मानचित्र आनलाईन अपलोउ किया जाय।
5. आनलाईन प्रस्ताव में भाग–1 के पैरा C-(iii) & (iv) में अपलोड Copy of Survey of India Toposheet तथा Geo-refrence map को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मानचित्र को यथास्थान आनलाईन अपलोड किया जाय।
6. आनलाईन प्रस्ताव में भाग–1 के पैरा D. Justification for locating the project in forest land and details of alternatives examined (a) में विषयांकित मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित एंव वैकल्पिक समरेखण का गूगल मानचित्र kml file एंव Toposheet 1:50000 पैमाने का मानचित्र भी अपलोड किया जाय।
7. आनलाईन प्रस्ताव में भाग–1 के पैरा L. -(V) & (iv) में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित स्थल का Geo-refrence map एंव Copy of Survey of India Toposheet में सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मानचित्रों को यथास्थान आनलाईन अपलोड किया जाय।

**संलग्नक–उक्तानुसार। (प्रस्ताव की दो प्रति)**

भवदीया

**(कहकशां नसीम)**
**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।**

पत्रांक / दिनांकित।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, चकराता को उक्त विषयक पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

**(कहकशां नसीम)**
**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।**